Regd. No. 185

# Haryana College Teachers' Assocation

(Affiliated to AIFUCTO)
website : www.hcta.in

**Dr. Narender Chahar**
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email : narenderchahar11@gmail.com

**Dr. Ravinder Gasso**
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email : gassoravinder@gmail.com

*Ref. No.* HCTA - C-6 *Dated* 21. 8. 13

## For Circulation Among Unit Members

आदरणीय दोस्तो!

बहुत गर्मजोशी व उत्साह के साथ हार्दिक शुभकामनाएँ।

वर्तमान दौर पब्लिक-फंडिड शिक्षा-ढाँचे के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। एकता व सांगठनिक मजबूती से ही इस चौतरफा संकट का मुकाबला किया जा सकता है। यूनिटों को सक्रिय व मजबूत करने की अपील के साथ मैं एक-एक मुद्दे पर बात रखना चाहूंगा।

1. **व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा स्कीम (Comprehansive Medical Security Scheme)**

पिछले कई वर्षों से हम सरकारी कॉलेजों व यूनिवर्सिटी की तर्ज पर सरकार से यह मांग कर रहे हैं। 9 दिसम्बर 2008, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एच.फुक्टो के अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने इसकी घोषणा की थी। हम मुख्यमंत्री के प्रिंसीपल ओ.एस.डी. श्री एम.एस. चोपड़ा से लगातार इसके लिए बातचीत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी से भी इस बारे में डॉ. नरेन्द्र चाहर की 11 अगस्त 2013 को हरियाणा निवास, नई दिल्ली में बात हुई है। आने वाले दिनों में हम अपने प्रयास और तेज करेंगे।

2. **नई पैंशन योजना (Defined Contributary Pension Scheme)**

2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए पेंशन योजना को लागू करवाने के लिए लम्बे समय से हम संघर्षरत हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि 600 से ऊपर शिक्षकों की करीब 8.25 करोड़ रुपए की मैचिंग ग्रांट की फाईल वित्त-विभाग को चली गई है। पूरी सतर्कता से हम इस कार्य में जुटे हैं।

3. **2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों की प्रमोशन व इन्क्रीमैंट :**

रोहतक व कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में प्रमोशन संबंधी स्क्रीनिंग कमेटी की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। अभी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में करीब 100 शिक्षकों के CAS के केस अनुमोदित हुए हैं। जून 2013 तक हम बिना API लागू किए प्रमोशन करवाने में कामयाब हुए हैं। नेट के बिना पीएच.डी. करने वालों को 6 साल की बजाए 4 साल में प्रमोशन मिले- इस बारे में उच्च अधिकारियों ने सैद्धान्तिक सहमति दी है।

एम.फिल./पीएच.-डी. के इन्क्रीमैंट सभी शिक्षकों को मिल चुके हैं। लेकिन कुछ ऐसे शिक्षक हैं जिनकी एम.फिल. की डिग्री न मिलने या नेट न होने या पीएच.-डी. का कोर्स-वर्क न होने आदि कारणों से इन्क्रीमेंट नहीं लग पा रही- इस सम्बन्धी डायरैक्टर जनरल (डी.जी.) श्री अंकुर गुप्ता ने हमें आश्वस्त किया है।

4. **सेमिनार/कान्फ्रेंस के लिए ड्यूटी लीव :**

लम्बे समय से यह मांग हम सरकार से कर रहे थे कि शिक्षकों को सेमिनार/कान्फ्रेंस आदि

में भाग लेने के लिए ड्यूटी-लीव/अकादमिक लीव का प्रावधान किया जाये। उच्च अधिकारियों ने इस पर अपनी सहमति जताई है।

5. **पन्द्रह छुट्टियां कम होने के एवज में 5 अर्जित अवकाश :**

कुल दो सप्ताह की छुट्टियां कम होने की एवज में 1/3 अर्थात् 5 अर्जित अवकाश (E.L.) हमें मिलेंगे। यह सरकार की 21.7.2011 को जारी नोटीफिकेशन के पृष्ठ नं. 58 पर दर्ज है। इसे लागू नहीं किया जा रहा। श्री अंकुर गुप्ता ने इस सम्बन्ध में निर्देश जारी करने पर सहमति दे दी है।

6. फरवरी 2006 से जून 2006 के बीच जिन शिक्षकों का वार्षिक इन्क्रीमैंट लगना था उन्हें एक अतिरिक्त इन्क्रीमेंट देने सम्बन्धी यू.जी.सी. से स्पष्टीकरण मंगवाने के लिए डी.जी. दफ्तर तेजी से कार्य करेगा।
7. कॉलेजों को शिक्षकों के लिए पर्याप्त आवश्यक स्थान व सुविधाएं देने के लिए विभाग द्वारा निर्देश जारी किया जाएगा।
8. पे-बैंड-IV में पीएच.-डी. इन्क्रीमेंट के लिए वित्त-विभाग को फिर से लिखने के लिए श्री अंकुर गुप्ता ने सहमति दी है।
9. कॉलेजों में प्रोफेसर-पद के प्रावधान के लिए भी हम प्रयासरत हैं।
10. यूनिवर्सिटी से सम्बन्धित मांगों का चार्टर हमारी वेबसाइट www.hcta.in पर है। आने वाले दिनों में हम सम्बन्धित विश्वविद्यालयों से इन पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाएंगे।
11. **एच.फुक्टो चुनाव :**

साथियो! वेतनमानों को लागू करवाने के दौर में **डॉ. राजवीर पाराशर** हरियाणा फैडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एण्ड कॉलेज टीचर्स आर्गेनाइजेशनज़ (एच.फुक्टो) के महासचिव थे। उसके बाद **प्रो. अतर सिंह** पिछले दो वर्ष से एच. फुक्टो के महासचिव थे। इस दौरान नए रेगुलेशनज़ लागू करवाने का पेचीदा कार्य हुआ। एच.सी.टी.ए. के दोनों साथियों ने बखूबी इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाया है। हम इनका अभिनंदन करते हैं।

26.5.13 को रोहतक यूनिवर्सिटी में हुई एच. फुक्टो की कान्फ्रेंस में एच.सी.टी.ए. के निम्न पदाधिकारी चुने गए हैं-

उपाध्यक्ष : डॉ. नरेन्द्र चाहर, वैश्य कॉलेज, भिवानी

महासचिव : प्रो. अतर सिंह, सी.आर.एम. जाट कॉलेज, हिसार

सचिव : डॉ. रविन्द्र गासो, डी.ए.वी. कॉलेज, पूण्डरी

कार्यकारिणी सदस्य : डॉ. रामपाल सिंह, गुरुनानक खालसा कॉलेज, करनाल

प्रो. अनूप परमार, डी.एन. कॉलेज, हिसार।

12. **प्रिंसीपल व एसिस्टेंट प्रोफेसर के चयन के नए मापदण्ड :**

25.6.13 को उपर्युक्त दोनों के लिए संशोधित मापदण्ड (Criteria) विभाग ने घोषित किए हैं। लम्बी चर्चा के बाद पदाधिकारियों ने निर्णय लिया :

1. एसिस्टेंट प्रोफेसर के चयन के लिए संशोधित मापदण्डों (Criteria) की हरियाणा

के सन्दर्भों में विशेषज्ञों से जाँच करवाने की मांग सरकार से कर रहे हैं। यह भी मांग है कि गुणात्मकता के लिए विशेषज्ञों द्वारा संशोधित मापदण्डों को सरकारी कॉलेजों, यूनिवर्सिटियों व एडिड कॉलेजों में समान रूप से लागू किया जाये।

2. प्रिंसीपल पद के चयन सम्बन्धी संशोधित मापदण्डों की जाँच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। **डॉ. राजवीर पाराशर** इसके कन्वीनर तथा **डॉ. रामपाल सिंह** व **डॉ. अजय गर्ग** इस कमेटी के सदस्य होंगे। कमेटी की रिपोर्ट पर आगे सरकार को लिखा जाएगा। **सदस्य इस सम्बन्ध में अपनी राय तुरन्त महासचिव को मेल कर दें।**

**बेव मास्टर :**

**प्रो. किरणपाल सिंह, गुरुनानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर (09034191774)** को एच.सी.टी.ए. का सहायक बेवमास्टर मनोनीत करने का निर्णय लिया गया है। प्रो. सिंह राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमन्त्रित सदस्य होंगे।

**जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला कैंट का मुद्दा :**

24.5.13 की गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में बिल्कुल गैरकानूनी/अलोकतान्त्रिक ढंग से तीन फैसले लिए गए। (क) 2013-14 से दस विषयों/ कोर्सों को बन्द करना, (ख) दो शिक्षक-प्रतिनिधियों प्रो. मनीराम व प्रो. राजेन्द्रा को 'गोपनीय पत्र लीक करने के जुर्म में' कारण बताओ नोटिस जारी करना, (ग) कम्प्यूटर-इन्स्ट्रक्टर श्री सतीश मौदगिल को बिना सुनवाई व गैरकानूनी ढंग से जब्री-रिटायर करना।

30.6.13 को प्रबन्ध-समिति के दो पदाधिकारियों व प्रिंसीपल ने एच.सी.टी.ए. के साथ बातचीत में पहले दो निर्णयों को वापिस ले लिया है तथा श्री मौदगिल के बारे में सकारात्मक निर्णय का आश्वासन दिया है। किसी भी सूरत में श्री सतीश मौदगिल को बहाल करवाया जायेगा। हम लगातार प्रिंसीपल व प्रबंधन-समिति के सम्पर्क में हैं।

**डी.ए.वी. कॉलेज पूण्डरी के अपराधी प्रिंसीपल डॉ. सुभाष तंवर को** प्रबन्धन-समिति ने बोगस व झूठी जाँच-रिपोर्ट के आधार पर 27.12.12 को बहाल किया। पिछले आठ महीने से यह प्रिंसीपल आपराधिक व गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त है तथा इसने कॉलेज का माहौल बद से बदत्तर कर दिया है। शिक्षकों की शिकायतों पर राष्ट्रीय महिला आयोग, डी.जी.एच.ई. तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निर्देश पर डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजिंग कमेटी ने एक उच्च स्तरीय Fact Finding Committee बनाई। 12.6.13 को यह कमेटी कॉलेज में आई। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट मैनेजमैंट को सौंप दी है। एच.सी.टी.ए. इस प्रिंसीपल के विरुद्ध तुरन्त सख्त कार्रवाई की मांग डी.ए.वी. मैनेजमेंट से कर रही है।

साथियो! ये दो उदाहरण कॉलेजों के प्रबन्धन में दिन-प्रतिदिन आ रही गिरावट को दर्शाते हैं। हम कॉलेज-प्रबन्धन को ज्यादा लोकतांत्रिक और शिक्षा व शिक्षक-केन्द्रित बनाने की मांग के साथ आगे बढ़ेंगे।

**भविष्य के कार्यक्रम :**

एच.सी.टी.ए. ने **'उच्चतर-शिक्षा में शिक्षकों की भूमिका'** पर **तीन क्षेत्रीय अकादमिक कान्फ्रेंस करवाने का निर्णय लिया है।** कान्फ्रेंस के दोपहर बाद के सत्र में एच.सी.टी.ए. के सांगठनिक

अतीत व वर्तमान पर खुली चर्चा होगी। जिसमें सभी शिक्षकों विशेषत: 2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों को अपनी बात रखने का खुला निमन्त्रण है। सभी यूनिटों से अनुरोध है कि वे इनमें यूनिट-पदाधिकारियों, केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों व यूनिवर्सिटी बॉडीज (A.C./Court) के सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही यूनिट के सभी 2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों से भी कान्फ्रेंस में भाग लेने की अपील करें।

**क्षेत्रीय अकादमिक कान्फ्रेंस का कार्यक्रम :**

1. महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी, रोहतक से सम्बद्ध कॉलेज-यूनिटों की कान्फ्रेंस
   तिथि : 8.9.13, रविवार, सुबह 9.30 बजे
   स्थान : यूनिवर्सिटी डी.डी. हाल
2. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेज-यूनिटों की कान्फ्रेंस
   तिथि : 15.9.13, रविवार, सुबह 9.30 बजे
   स्थान : सीनेट हॉल
3. चौ. देवीलाल यूनिवर्सिटी, सिरसा से सम्बद्ध यूनिटों की कान्फ्रेंस का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

**20 सितम्बर 2013 को ए.आई. फुक्टो के निर्देश पर जंतर-मंतर दिल्ली पर विशाल रैली :**

दोस्तो! यू.जी.सी. ने API पर जो कैप लगाये हैं उसके हिसाब से भविष्य में शिक्षकों का प्रमोशन असम्भव हो जायेगा। पेंशन-बिल के विरोध, शिक्षण संस्थाओं के प्रबन्धन को लोकतांत्रिक बनाने तथा प्राइवेट शिक्षण-संस्थाओं पर अंकुश लगाने आदि महत्वपूर्ण मांगों के लिए इस विशाल रैली में भाग लेने के लिए यूनिटों को 8.9.13 तक अलग से सूचित किया जायेगा।

**बकाया फीस :**

यूनिटों से अनुरोध है कि अपनी बकाया फीस निर्धारित प्रफोर्मा के साथ निम्न कार्यक्रमानुसार अवश्य जमा करवायें :

1. एम.डी.यू. से सम्बद्ध कॉलेज-यूनिटें-- 8.9.2013 को रोहतक-कान्फ्रेंस में।
2. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेज-यूनिटें-- 15.9.2013 को कुरुक्षेत्र कान्फ्रेंस में।

सभी का धन्यवाद

शिक्षक एकता जिन्दाबाद

एच.सी.टी.ए. जिन्दाबाद

(डॉ. रविन्द्र गासो)

Name of the College-Unit____________ College E-mail________ Phone________

| Sr. No. | Teachers Name | Subject | Date of Retirement | E-mail | Ph. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |